AMAR UJALA, Delhi, 11.11.2024
Page No. 5, Size:(4.89)cms X (3.04)cms.

गेल ने दूसरी तिमाही में 32,931 करोड़ की आय दर्ज की

नई दिल्ली। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने अप्रैल-सितंबर के लिए 66,622 करोड़ रुपये की आय दर्ज की है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 64,050 करोड़ रुपये थी। दूसरी तिमाही में कंपनी ने 32,931 करोड़ रुपये की आय और 2,672 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। गेल ने पहली छमाही में अपनी सबसे अधिक आय, पीबीटी और पीएटी दर्ज की। प्राकृतिक गैस की ढुलाई 130.63 एमएमएससीएमडी और गैस मार्केटिंग की मात्रा 96.60 एमएमएससीएमडी रही। एलएचसी और पॉलिमर की बिक्री क्रमशः 253 टीएमटी और 226 टीएमटी रही। गेल के सीएमडी संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि पेट्रोकेमिकल सेगमेंट इस साल लाभदायक होगा।

AMAR UJALA, Delhi, 11.11.2024
Page No. 5, Size:(4.84)cms X (5.08)cms.

स्कोप का एडवांस्ड ग्लोबल लीडरशिप प्रोग्राम 2.0 संपन्न

नई दिल्ली। स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज (स्कोप) के एडवांस्ड ग्लोबल लीडरशिप प्रोग्राम 2.0 का नई दिल्ली में समापन हुआ।

कार्यक्रम आईआईएम कलकत्ता और स्विट्जरलैंड के यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट गैलेन के सहयोग के से आयोजित किया गया। इस दौरान 13 पीएसई से 32 वरिष्ठ कर्मचारियों ने भाग लिया। एजीएलपी 2.0 में आईआईएम कलकत्ता, एसकोपी नई दिल्ली, यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट गैलेन स्विट्जरलैंड में प्रशिक्षण मॉड्यूल और डब्ल्यूटओ, आईएलओ, आईओई, ओईसीडी, जीआईजेड जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों का दौरा शामिल था। वहीं, समापन सत्र में रेलटेल के सीएमडी संजय कुमार, एसकोपी के डीजी अतुल सोबती, गेल के डायरेक्टर (एचआर) आयुष गुप्ता, एनटीपीसी के डायरेक्टर (एचआर) अनिल कुमार जादली और आईआईएम कलकत्ता के प्रोफेसर पार्थ प्रिया दत्ता ने हिस्सा लिया।